Seventeenth Loksabha

an>

Title : To send a study group from Centre for observation of loss of crops from unexpected rains

श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज): माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपका बहुत आभारी हूं। यह अत्यंत लोक महत्व का विषय है। उत्तर प्रदेश में अक्टूबर महीने में इस बार अप्रत्याशित बाढ़ आई थी। उसके कारण 21 जनपद के लगभग 2235 गाँव बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। हमारे सिद्धार्थ नगर के 580 गाँव प्रभावित हुए हैं। मानसून सीजन में जुलाई, अगस्त और सितम्बर के बाद कभी बारिश नहीं हुई थी। यह पहली बार अप्रत्याशित बारिश अक्टूबर महीने में हुई और कुछ नेपाल की नदियों का पानी भी आया। उसके कारण सड़कें टूट गईं और लगातार 8730 हेक्टेयर में पूरी फसल खराब हो गई। आज किसानों के सामने रबी की यह स्थिति है।

मैं आपके माध्यम से सरकार से यह मांग करता हूं कि वहां एक केंद्रीय अध्ययन दल भेजा जाए, ताकि वहां के किसानों की जो फसल की क्षति हुई है, उसका आकलन करके उनको मुआवजा दिया जा सके। जो अप्रत्याशित नुकसान हुआ है, वह केवल फसल का नहीं हुआ है बल्कि घरों का भी हुआ है और बड़ी संख्या में लोगों की मृत्यु भी हुई है। उसके कारण रेलवे लाइन पर पानी आ गया था और कई बांध भी टूट गए थे। हमारा जनपद कई दिनों से प्रदेश से एक तरह से अलग हो गया था और टापू हो गया था। यह एक अत्यंत महत्वपूर्ण सवाल है। मैं चाहता हूं कि आप निर्देश दें कि वहां केंद्र की तरफ से एक अध्ययन दल जाए। धन्यवाद।

-

-